an>

Title: Need to run EMU train service on Giridih-Kowad-Kodarma-Ranchi route and run a superfast Garib Rath train from Dhanbad to Delhi besides augmenting railway services in Hazaribagh Station.

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा) ः झारखण्ड-बिहार की सीमा पर अवस्थित कोडरमा से रांची हज़ारों की संख्या में दैनिक यात्री यात्रा करते हैं। यहां की जनता की आवश्यक मांग है कि गिरिडीह-कोवाड़-कोडरमा-रांची तक ई.एम.यू. अप/डाउन रेल सेवा प्रारंभ की जाए तथा इसे नई चालू लाइन गिरिडीह से जोड़ा जाए। इस गाड़ी के संचालन से सरकार को राजस्व का बहुत लाभ होगा।

गाड़ी संख्या 12365/12366 जन शताब्दी का हज़ारीबाग रोड ठहराव किया जाना चाहिए। इससे प्रतिदिन सैंकड़ों यात्रियों को लाभ होगा।

हज़ारीबाग रोड स्टेशन पर 12 घण्टे कम्प्यूटर आरक्षण केंद्र खोला जाए। अभी वर्तमान में आधा दिन ही आरक्षण काउंटर खुलता है।

रांची राजधानी का ठहराव हज़ारीबाग रोड पर किया जाना चाहिए क्योंकि हज़ारीबाग रोड हज़ारीबाग एवं गिरिडीह जिले का सबसे महत्वपूर्ण स्टेशन है।

धनबाद से दिल्ली तक एक सुपर फास्ट या गरीब रथ चलाई जानी चाहिए।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि उपरोक्त मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करवाने की कृपा करें।